कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.के. जोशी को 'उत्तराखंड रत्न' सम्मान

चर्चा में क्यों?

9 मई, 2022 को ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटलेक्चुअल संस्था की ओर से नैनीताल में मनाई गई 44वीं वर्षगाँठ में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिये प्रो. एन.के. जोशी को 'उत्तराखंड रत्न' से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- प्रो. जोशी को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य, विश्वविद्यालय में लागू नवाचार, अभिनव, नवप्रवर्तन कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन एवं उत्कृष्टता के साथ की गई अकादमिक सेवाओं को रेखांकित करते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया है।
- प्रो. जोशी के प्रयासों से कुमाऊँ विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के शीर्ष केंद्र के रूप में जगह बना रहा है।
- प्रो. जोशी के प्रयासों के चलते उच्च शिक्षा संस्थानों की नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में कुमाऊँ विश्वविद्यालय को फार्मेसी कैटेगरी में 58वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं QD एशिया रैंकिंग में विश्वविद्यालय को 551-600 स्थान मिला है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vice-chancellor-of-kumaon-university-prof-nk-joshi-gets-uttarakhand-ratna-honour